श्याम मेरा काला है

मेरी श्यामा गोरी गोरी श्याम मेरा काला है,
काला है मतवाला है, हाँ काला है मतवाला है,
मेरी श्यामा गोरी गोरी श्याम मेरा काला है.....

श्यामा मेरी ब्रिज की रानी,
देव यहाँ भरते हैं पानी,
मेरी राधा चंद्र चकोरी श्याम मेरा काला है,
मेरी श्यामा गोरी गोरी श्याम मेरा काला है.....

नील वरण की चुनर धारी,
श्यामा मेरी लगती प्यारी,
वो रंग की भरी कमोरी श्याम मेरा काला है,
मेरी श्यामा गोरी गोरी श्याम मेरा काला है.....

चरणों के चाकर कृष्ण मुरारी,
राधे श्याम की महिमा भारी,
बड़ी सुन्दर इनकी जोड़ी श्याम मेरा काला है,
मेरी श्यामा गोरी गोरी श्याम मेरा काला है......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30453/title/shyam-mera-kala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |